तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 19 जून 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



4 पीजी कॉलेज ने जारी की स्नातक प्रथम सेमेस्टर की मेरिट सूची, प्रवेश प्रारंभ






# दोपहर में छाया अंधेरा, गरज-चमक के साथ मूसलाधार बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गुरूवार को दोपहर में आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही अंधेरा छा गया तथा गरज-चमक के साथ मूसलाधार बारिश हुई। मौसम कार्यालय द्वारा एक घंटे में 26.3 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। मूसलाधार बारिश से उमस एवं गर्मी राहत है। मौसम विज्ञानी अब आगे भी प्री-मानसून की बारिश जारी रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

■ कुछ देर के लिए न्यूनतम पारा के नीचे पहुंचा तापमान

गुरूवार को सुबह रोज की तरह चिलचिलाती धूप निकली एवं गर्मी एवं उमस से लोग परेशान रहे। इस दौरान बीच-बीच में बादलों की आवाजाही बढ़ने से कुछ देर के लिए राहत भी रही। अपराह्न 3 बजे आसमान पर घने काले बादल छाने के साथ ही शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में अंधेरा छा गया तथा तेज गरज-चमक के साथ लगभग एक घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई। गुरूवार को झमाझम बारिश से उमस एवं गर्मी से राहत मिली है। एक सप्ताह पूर्व तक शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में प्रायः हर दिन प्री-मानसून की बारिश हो रही थी। प्री-मानसून की बारिश बंद होने से लगातार बढ़ती गर्मी एवं उमस से लोग बेहाल थे। दिन में चिलचिलाती धूप निकलने के कारण बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। मौसम में आए बदलाव के कारण रात में भी उमस से राहत नहीं मिल रही थी। प्री-मानसून की गतिविधियों के नाम पर छिटपुट बारिश हो रही थी। बुधवार से मौसम में कुछ बदलाव आया है। इसके पूर्व बुधवार को भी दोपहर में हल्की वर्षा हुई थी। गुरुवार को हुई मूसलाधर बारिश से उमस से काफी राहत है। मौसम कार्यालय द्वारा मध्य जून तक 48 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। गुरूवार की बारिश मिलने के बाद यह आंकड़ा 74.3 मिमी पहुंच गया है। पिछले साल जून मध्य तक मात्र 15.4 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई थी जबकि वर्ष 2024 में 12.1 मिमी, 2023 में 1.8 मिमी एवं 2022 में 8.2 मिमी वर्षा हुई थी। पिछले वर्षों की तुलना में इस साल मध्य जून तक की बारिश को अच्छा एवं खरीफ खेती की तैयारियों के लिए पर्याप्त माना जा रहा है।

### मानसून के लिए अनुकूल स्थितियां

मौसम विज्ञानी प्री-मानसून की गतिविधियों को मानसून को गति देने के लिहाज से अनुकूल मान रहे हैं। मौसम विज्ञानी के अनुसार चिलचिलाती धूप निकलने पर नीचे की हवा गर्म होकर ऊपर उठती है। इस दौरान हवा का रिक्त स्थान भरने दक्षिण-पूर्व की हवा चलती है जिससे मानसून की रफ्तार बढ़ जाती है। मौसम विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार मानसून के अग्रसर होने की अनुकूल स्थितियां बनी हुई हैं तथा बिहार एवं ओड़िसा में मानसून आगे बढ़ा है। मानसून के 21-22 जून तक दक्षिण छत्तीसगढ़ के रास्ते छत्तीसगढ़ में दस्तक देने की संभावना जताई जा रही है।

### चार घंटे गुल रही बिजली

मूसलाधार बारिश के पूर्व हुई तेज गरज-चमक के दौरान अपराह्न 3 बजे शहर सहित आसपास के क्षेत्रों की बिजली गुल हो गई। इस दौरान तेज हवा एवं गरज चमक के कारण कुछ क्षेत्रों में विद्युत लाइन पर पेड़ों की डाल गिरने एवं तकनीकी खराबी आने के कारण घंटों विद्युत आपूर्ति बाधित रही। सुधार उपरांत शाम 6.45 बजे विद्युत आपूर्ति सुचारू हुई। इस संबंध में कार्यपालन अभियंता जेपी राजवाड़े ने बताया कि तेज गरज-चमक होने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित की गई थी। रात में भी बिजली की आंख मिचौली चलती रही।

### न्यूनतम के नीचे पहुंचा पारा

मौसम विभाग हर दिन सुबह 6.30 बजे का तापमान रिकॉर्ड करता है जो उस दिन का सबसे कम तापमान होता है। प्रायः दिन का तापमान सुबह के तापमान के नीचे नहीं पहुंचता। गुरूवार को हुई मूसलाधार बारिश के दौरान अपराह्न 4 बजे के पूर्व कुछ देर के लिए तापमान में तेज गिरावट आई तथा पारा न्यूनतम तापमान के नीचे पहुंच गया। मौसम विभाग की भाषा में इस घटना को लोअर मिनियम नाम दिया गया है। मौसम कार्यालय द्वारा गुरूवार को न्यूनतम तापमान 24.9 डिग्री एवं अधिकतम तापमान 37.0 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। मूसलाधार बारिश के अंतिम दौर में कुछ देर तक पारा गिरकर 22.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। हालांकि बाद में तापमान में वृद्धि हुई तथा बारिश के पूर्व तापमान 37.0 डिग्री पहुंच गया था। इस बार प्री-मानसून की बारिश के दौरान दूसरी बार इस तरह की स्थिति निर्मित हुई है।

## अप्रैल 2023 से बंद पड़ा है काम, वित्त मंत्री के प्रवास के दौरान उठा था मुद्दा

# आखिरकार तीन साल बाद शुरू हो सकेगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल का निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आखिरकार तीन सालों के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल का बंद पड़ा निर्माण कार्य एक बार फिर से शुरू हो सकेगा। बंद पड़े निर्माण को शुरू करने के लिए लंबित पड़े रेट अप्रूवल को जारी कर दिया गया है। दर स्वीकृति मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग ने भी ठेकेदार को वर्क ऑर्डर जारी कर दिया है। टेंडर होने के बाद अब जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो सकेगा। सम्भावना जताई जा रही है कि अगले दो से ढाई सालों में निर्माण कार्य पूर्ण हो सकेगा।

**खास बात**

■ महीनों से लंबित दर स्वीकृति को किया दी गई मंजूरी

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के अस्पताल भवन का निर्माण राशि के आभाव में अप्रैल 2023 से बंद पड़ा हुआ है। अस्पताल भवन के शेष बचे निर्माण कार्यों को पूर्ण करने के लिए 109 करोड़ रुपए की जरुरत थी और शासन को राशि स्वीकृति के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। शासन की ओर से लम्बे इन्तजार के बाद 109 करोड़ रुपए जारी करने की घोषणा भी नवम्बर 2024 में की गई लेकिन शासन से सिर्फ 98 करोड़ रुपए ही जारी किए गये। 11 करोड़ रुपए की राशि कम जारी होने से निर्माण एजेंसी और मेडिकल कॉलेज प्रबंधन भी उहापोह बनी हुई थी। इस बीच शासन के निर्देश व आश्वासन के बाद लोक निर्माण विभाग ने 109 करोड़ रूपए की लागत से निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिया था। टेंडर जारी होने के बाद महीनों तक प्रक्रिया ऑनलाइन चलती रही। इस दौरान तीन बड़े फर्म ने निर्माण कार्य में दिलचस्पी दिखाई और रायपुर कंस्ट्रक्शन कंपनी का रेट सबसे कम आया। इसके बाद से ही फाइल विभाग में लंबित पड़ी हुई थी और अधिकारी दर स्वीकृति का इन्तजार कर रहे थे। पिछले कई महीनों से दर स्वीकृति के इन्तजार में निर्माण पेंडिग पड़ा रहा। पिछले दिनों प्रदेश के वित्त व जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी सरगुजा पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज अस्पताल भवन लंबित होने के लिए कांग्रेस और पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव को जिम्मेदार ठहराया था इसके बाद पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव की तरफ से भी तीखी प्रतिक्रिया आई थी। राजनैतिक बयानबाजी के बाद आखिरकार शासन के महीनों से लंबित पड़े टेंडर के लिए रेट अप्रूवल दे दिया।



निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज अस्पताल।

### 103 करोड़ में होगा निर्माण

बता दें कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल भवन के निर्माण हेतु 109 करोड़ रूपए की जरुरत थी लेकिन वर्तमान में रायपुर कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड ने 5.5 प्रतिशत बिलों पर टेंडर डाला था और उसे टेंडर मिल भी गया। दर स्वीकृति के बाद निर्माण कार्य को 103 करोड़ रूपए में पूर्ण करना है। दर स्वीकृति होने के बाद लोक निर्माण विभाग ने 11 जून को वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिया है। ठेकेदार को निर्माण कार्यों को अगले 24 महीनों में पूर्ण करना होगा। हालांकि निर्धारित दर से 6 करोड़ रूपए कम में टेंडर लेने के बाद ठेकेदार के लिए गुणवत्तापूर्ण निर्माण समय पर उपलब्ध कराना भी एक चुनौती होगी। पिछले तीन सालों से अधिक समय से बंद पड़े निर्माण के कारण कार्यों को पूर्ण होने में ढाई साल से अधिक का समय लगने की संभावना जताई जा रही है।

### होने है ये निर्माण

राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय भवन के निर्माण हेतु शासन से कुल 374 करोड़ की स्वीकृति मिली थी। स्वीकृति के बाद मार्च 2019 में टेंडर 366 करोड़ की लागत से निर्माण के लिए टेंडर किया गया था और इसमें 168 करोड़ से हॉस्पिटल भवन का काम होना था। इस राशि से सिर्फ अस्पताल के पांच मंजिला भवन को ही खड़ा किया जा सका है। अस्पताल भवन में अभी प्लास्टर, पेंट-पुट्टी, टाइल्स, सेनेटरी वेयर के काम शेष है इसके साथ ही विद्युतीकरण का 50 प्रतिशत काम शेष है। वहीं अस्पताल में दरवाजा, खिड़की, गैस, ऑक्सीजन पाइप पाइन, एसी, सहित अनेकों कार्य शेष पड़े हुए है। बताया जा रहा है कि अस्पताल में सिर्फ 65 प्रतिशत ही काम हुआ है और शेष कार्य के लिए ही 109 करोड़ की जरुरत थी।

### कर दिया गया है टेंडर

दर स्वीकृति मिलने के बाद हमने वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिया है। 109 करोड़ का काम 5.5 प्रतिशत बिलों की दर पर स्वीकृत हुआ है और कंपनी को 103 करोड़ का वर्क ऑर्डर जारी हुआ है। निर्माण कार्यों को 24 माह में पूर्ण करना है।

-वीरेंद्र चौधरी
ईई लोनिवि



# दंपति को चोर बताकर ग्रामीणों ने किया जानलेवा हमला, पति की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पत्नी से विवाद कर देर रात पति घर से निकल गया। पति को खोजते हुए पत्नी ग्राम बिछली पहुंची तो गांव के ही कुछ लोगों ने दंपति को देर रात देख न सिर्फ चोर बताया बल्कि दोनों पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुए पति की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार सागर थाना अंतर्गत ग्राम पमखेड़ी निवासी राज कुमार आ. सत्यनारायण डेढ़ माह से मनेन्द्रगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम कठौतिया मायके आई पत्नी प्रमिला को लेने गया था। 14 जून की रात राज कुमार शराब पीकर घर आया और देर रात लगभग 1 बजे पत्नी को घर चलने की बात कही जिस पर पत्नी प्रमिला ने पिता की तबीयत खराब होने तथा ठीक हो जाने पर जाने की बात कही जिससे दोनों के बीच विवाद हो गया। पत्नी से विवाद के बाद राज कुमार घर जाने की बात कर कर निकल गया। पति के घर से चले जाने पर पत्नी उसे खोजते हुए देर रात 3 बजे ग्राम बिछली पहुंची जहां पति बिछली रोड किनारे मिला। इसी दौरान ग्राम बिछली निवासी गजरूप सिंह एवं अन्य लोग मौके पर पहुंचे और बोलने लगे कि तुम लोग चोरी करने आये हो तब पत्नी बोली कि पति घर छोड़कर निकल गए थे जिन्हें खोजने के लिए आई थी। इसी बीच गजरूप सिंह एवं अन्य लोगों ने चोर बता कर गाली-गलौज करते हुए दंपति पर हमला कर दिया7 मारपीट से पति गंभीर रूप से घायल हो गया। पत्नी ने घटना की जानकारी परिजन को दी और घायल पति को मनेन्द्रगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही घटना की रिपोर्ट मनेन्द्रगढ़ थाने में दर्ज कराई। घायल पत्नी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया है। इधर अस्पताल में भर्ती राजकुमार की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। दूसरे दिन परिजन संजीवनी 108 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान घायल राजकुमार की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजन के सुपुर्द कर डायरी संबंधित थाने में भेजने में जुट गई है।

# विद्युत दरों में वृद्धि के विरोध में प्रदर्शन, कांग्रेस ने घेरा विद्युत कार्यालय

**अंबिकापुर।** विद्युत दरों में हुई वृद्धी के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने नमना स्थित विद्युत विभाग के कार्यपालन यंत्री कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के नाम 5 सूत्रिय मांगों का ज्ञापन सौपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में आयोजित इस घेराव में सरगुजा जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, मोर्चा-संगठन के सभी प्रभारी सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।



भारी बरसात में रैली निकाल बिजली दरों में वृद्धी वापस लो, अदानी का स्मार्ट मीटर लगाना बंद करो के नारों के साथ कांग्रेस का दल घेराव के लिये पहुंचा। कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से विद्युत दर में वृद्धी और 12 प्रतिशत की दर से लगाए गए ईंधन प्रभार को तत्काल वापस लेने की मांग की। स्मार्ट मीटर को आमजन के साथ धोखा बतलाते हुए कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इस मीटर के त्रुटिपूर्ण गणना के कारण लोगों को अनुबंध भार से अधिक खपत का बिल तो भेजा ही जा रहा है साथ ही साथ ही अनुबंध भार के उल्लंघन का सरचार्ज लगा उपभोक्ताओं पर आर्थिक भार डाला जा रहा है। अपने ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने स्मार्ट मीटर को स्वैच्छिक करने के साथ ही साथ इसके तकनीकी बिंदु पर जांच की मांग की है। अम्बिकापुर शहर में अघोषित बिजली कटौती, ठेकेदार और अधिकारियों की मिली भगत से मेंटेनेंस में लापरवाही के मुद्दे पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए इस मामले की जांच की मांग की है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि बिजली विभाग ठेकेदारों के चंद कर्मचारियों के भरोषे शहर की बिजली व्यवस्था सम्हाल रहा है यह बेहद खेदजनक है। एक ओर भाजपा सरकार के नितियों की वजह से आम लोगों का बिजली बिल तिगुना हो गया है वहीं ठेकेदार और बिजली विभाग के अधिकारियों के तालमेल के कारण बिजली आपूर्ति व्यवस्था ठप पड़ी है और शहर का आम नागरिक भीषण गर्मी में बेहाल है। कांग्रेस ने बिजली दरों से राहत दिलाने के लिये कीमतों में की गई वृद्धी को वापस लेने की मांग के साथ ही कांग्रेस सरकार की बिजली बिल हाफ योजना को पुनः लागू करने की मांग की है।

## पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा- ढाई वर्षों में हुई 20 प्रतिशत तक की वृद्धि, डाला जा रहा अतिरिक्त बोझ

# महंगाई से परेशान जनता के लिए बिजली दरों में वृद्धि दोहरी मार: टीएस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा है कि सरकार का काम जनसेवा करना है ना की मुनाफा कमाना। सरकार ने बिजली दरों में वृद्धि कर आम जनता पर जो अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला है वह पूर्ण रूप से अनुचित है। जनता पहले से ही बढती महंगाई से परेशान है ऐसे में बिजली दरों में वृद्धि उनके लिए दोहरी मार साबित हो रही है। श्री सिंहदेव गुरुवार को जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने बिजली दरों में की गई वृद्धि को लेकर सरकार पर निशान साधा।

पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा कि वर्तमान सरकार ने बीते ढाई वर्षों में बिजली बिलों में लगभग 20 प्रतिशत तक की वृद्धि कर दी है, जिससे आम उपभोक्ताओं के घर का बजट प्रभावित हो रहा है। घरेलू उपभोक्ताओं की विभिन्न श्रेणियों में प्रति यूनिट 30, 40 और 50 पैसे तक की बढ़ोतरी की गई है। इसके साथ ही कृषि पंपों की बिजली दरों में भी इजाफा किया गया है, जिससे किसानों की लागत और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर जनता के साथ मजबूती से खड़ी है और इस बढ़ोतरी का लगातार विरोध करेगी। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा कि कांग्रेस सरकार के पांच वर्षों के कार्यकाल में बिजली की दरों में कोई वृद्धि नहीं की गई थी। उस दौरान प्रति यूनिट दर 3.70 रुपए स्थिर रखी गई थी और एक बार 30 पैसे की कटौती भी की गई थी। इसके विपरीत वर्तमान सरकार ने ढाई साल में ही प्रति यूनिट 80 पैसे तक बढ़ा दिए हैं। इसके साथ ही पूर्व डिप्टी सीएम ने कांग्रेस शासन काल में दी गई बिजली बिल हाफ योजना का भी उल्लेख करते हुए बताया कि बिजली बिल हाफ योजना में 400 यूनिट तक आधा बिजली बिल लिया जाता था, जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत मिलती थी लेकिन वर्तमान सरकार ने इस योजना को समाप्त कर दिया, जिससे आम लोगों पर सीधा असर पड़ा है। इस दौरान पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की, हेमंत सिन्हा सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

### स्मार्ट मीटर अनिवार्य नहीं

विद्युत विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर की अनिवार्यता को लेकर भी पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने सवाल उठाए है। उन्होने कहा कि उपभोक्ताओं पर स्मार्ट मीटर लगाने का दबाव बनाया जा रहा है, जबकि यह अनिवार्य नहीं है। उनका दावा है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं की बिजली खपत अधिक दर्ज हो रही है और बिलों में भारी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में जहां पहले 130 से 140 रुपये तक बिल आता था, अब 1200 रुपये तक की राशि जमा करनी पड़ रही है। सिंहदेव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बिजली दरों में वृद्धि के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन करेगी और जरूरत पड़ने पर बिजली कार्यालयों का घेराव भी किया जाएगा।





# जमीन विवाद पर युवकों ने दादा को उतारा मौत के घाट, दो हिरासत में

**सूरजपुर।** जमीन विवाद को लेकर खुनी संघर्ष का मामला सामने आया है। आपसी रंजिषा और जमीन विवाद को लेकर युवकों ने अपने ही दादा को मौत के घाट उतार दिया। न्यायालय से वापस लौट रहे बुजुर्ग पर युवकों ने हमला कर चाकू से गोद डाला। दिल दहाड़े हुई इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि बरन राजवाड़े और उसके भाई जयकरण राजवाड़े के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। इसी जमीन विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी जिसके बाद मामला न्यायालय में चल रहा था। इसी प्रकरण को लेकर दोनों पक्ष गुरुवार को सूरजपुर न्यायलय में आए हुए थे। न्यायालय से वापस लौटते समय जयकरण राजवाड़े के पुत्र अतिला राजवाड़े व एक अन्य ने बरन राजवाड़े को पर्री के लाइवली हुड कालेज के समीप घेर लिया। युवकों ने विवाद करते हुए दिन दहाड़े बुजुर्ग पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपियों ने बुजुर्ग पर चाकू से कई वार किए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना की सूचना मिलने के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम के लिए भेजने के साथ ही क्षेत्र में घेराबंदी की गई। एएसपी योगेश देवांगन ने बताया कि इस मामले में फिलहाल दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है और घटना की जांच चल रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

■ दिनदहाड़े चाकू से किया हमला


हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
19 जून 2026
कूपन नं.
4

(अंबिकापुर) प्रवेश प्रारंभ (अंबिकापुर)
प्रतिमाह मात्र 999/-में आई.टी.आई.
न्यू महाराणा I.T.I.
ट्रेड-इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक
योग्यता-10वीं पास (साइंस, गणित अनिवार्य)
स्थान सीमित
नोट: अतिशीघ्र संस्था आकर नाम पंजीयन करायें।
प्राचार्य: माखन विहार के बाजू में (कन्या परिसर रोड) अजरिमा अंबिकापुर
मो. 9203914565, 9713310420, 9203914561


## खबर संक्षेप

### नए मकान में पानी तराई कर रही महिला की करंट लगने से गई जान

**अम्बिकापुर।** नए मकान में पानी तराई कर रही महिला करंट लगने से मौके पर ही अचेत हो गई। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सुभाष नगर वार्ड क्रमांक 2 निवासी श्यामले घोष पति कार्तिक घोष (44 वर्ष) आज सुबह लगभग 9 बजे अपने नए मकान में टुल्लू पंप के माध्यम से पानी तराई कर रही थी। इसी दौरान अचानक करंट की चपेट में आने से मौके पर ही अचेत हो गई। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर देख रेफर कर दिया। परिजन तत्काल महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### बाइक सहित खेत में गिरे छात्र की गई जान

**अम्बिकापुर।** साकिन पाटीपारा के समीप बाइक सवार छात्र अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में गिर गया। दुर्घटना में गंभीर हुए छात्र की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम कर्रा सरनापारा निवासी अमित कुजूर आ. सुदेश कुजूर (17 वर्ष) इस वर्ष कक्षा 10 वीं उत्तीर्ण किया था। 17 जून को अमित अपने दोस्त रोहित एक्का व आशीष कुजूर के साथ जमदश मिशन स्कूल टीसी निकलवाने गया था। स्कूल से आने के बाद अमित अपने दोस्तों को उनके घर छोड़कर बाइक से साकिन पाटीपारा जाने के लिए निकला। जैसे ही साकिन पाटीपारा मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक सहित खेत में गिर गया। युवक को गंभीर हालत में देख गांव के लोगों घटना की सूचना परिजन को दी। परिजन निजी वाहन से युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत छात्र को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजन के सुपुर्द किया है।

### नशे की हालत में महिला ने पी लिया कीटनाशक, मौत

**अम्बिकापुर।** पोड़ी थाना अंतर्गत ग्राम लाई निवासी फुलेश्वरी पति मोहन सिंह (36 वर्ष) 16 जून की शाम शराब के नशे में घर में रखे कीटनाशक को पी लिया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। महिला के उल्टी करने तथा कीटनाशक का गंध आने पर परिजन उसे नागपुर अस्पताल से बैकुंठपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बुधवार की शाम उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



बच्चो, अगर तुम शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना चाहते हो तो तुम्हें नित्य योग करना होगा। इससे ना सिर्फ तुम्हारा दिमाग तेज होगा, मन भी शांत और प्रसन्न रहेगा। योग के और क्या-क्या फायदे हैं, जानो।

# नियमित करोगे योग हमेशा रहोगे निरोग

प्रेरणा
डॉ. मोनिका शर्मा

प्यारे बच्चो, हम सब फिट रहना चाहते हैं। बीमारियों के चंगुल से दूर रहना चाहते हैं। मतलब शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ रहना चाहते हैं। यह नियमित योग करने से ही संभव है। बच्चो, एक बात और, योग एक संपूर्ण जीवनशैली है। इसमें व्यायाम के साथ ही अच्छी फूड हैबिट्स और सही दिनचर्या भी जरूरी है। ऐसा करने से ही योग करने के अनेक लाभ तुमको मिल पाएंगे।



### फिट और एक्टिव रहोगे

बच्चो, नियमित योग करने से शारीरिक और मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रहने में बहुत मदद मिलती है। योग अभ्यास को अपने जीवन का हिस्सा बना लो तो तुम्हारे शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी के साथ ही इम्यूनिटी भी बढ़ेगी। योग से शरीर की मसल्स मजबूत बनती हैं। इसीलिए अपना मनपसंद खेल खेलते हुए तुम्हें थकान नहीं होगी। शारीरिक ताकत लगने वाली एक्टिविटीज करने में और आनंद आएगा। भारी बस्ता उठाने वाले कंधों में बल मिलेगा। योग अभ्यास करने से बॉडी का पोश्चर भी सही रहता है। स्कूल, ट्यूशन और घर में लंबे समय तक बैठकर पढ़ने या लैपटॉप पर काम करने से पोश्चर बिगड़ जाता है। खराब मुद्रा में बैठने, खड़े होने या लेटने से गर्दन, कंधे और बैक में पेन होने लगता है। ऐसे में रोजाना आधे घंटे भी योग को अपने रूटीन का हिस्सा बना लिया जाए तो बॉडी पोश्चर सही रखा जा सकता है।

### मन रहता है शांत

योग करने से मन भी बहुत शांत रहता है। मस्तिष्क में एक संयत सक्रियता बनी रहती है, जिससे एग्जाम का स्ट्रेस, होमवर्क की टेंशन और किसी प्रतियोगिता में पीछे रह जाने का डर भी नहीं घेरता। योगासनों का अभ्यास तुम्हें पूरी एकाग्रता से अपना काम करने का मानसिक बल देता है।

### बढ़ती है मेंटल स्ट्रेंथ

बच्चो, स्कूल की गतिविधियां हों या नियमित पढ़ाई। ट्यूशन के प्रोजेक्ट्स हों या क्लासरूम में मिला होमवर्क। ये सब कुछ करने के लिए मेंटल स्ट्रेंथ बहुत जरूरी है। तुम इस बात को खुद समझते हो कि बिना थके, बिना रुके, अपने रुटीन को फॉलो करना बहुत जरूरी है। मन की शक्ति से ही ऐसे हर फ्रंट पर अच्छे से परफॉर्म किया जा सकता है। योग करने से हमें यह सब करने का मानसिक बल भी मिलता है। योग से ही जुड़े प्राणायाम और मेडिटेशन के अभ्यास मन को शांत-सहज रखते हैं। किसी भी तरह के तनाव से दूर रखते हैं, जिससे अच्छी नींद आती है। चाइल्ड पोज (बालासन) नाम का आरामदायक आसन, हमारी नर्व्स को शांत कर थकान और एंग्जाइटी दूर करने में बहुत उपयोगी होता है। मस्तिष्क की कोशिकाओं को सक्रिय करने वाले योग आसनों से न केवल याददाश्त बढ़ती है, फोकस्ड रहने में भी मदद मिलती है।



### बनते हैं इमोशनली स्ट्रॉन्ग

बच्चो, क्या तुम्हें भी जल्दी गुस्सा आ जाता है? कोई मजाक बनाए तो रो पड़ते हो? थोड़ी देर के लिए भी अकेले रहने में घबराहट होती है? स्विमिंग, साइकिलिंग, स्केटिंग जैसी किसी नई स्किल को सीखने में डर लगता है? अगर ऐसा है तो योग को अपने रुटीन का हिस्सा बनाकर तुम इमोशनली स्ट्रॉन्ग बन सकते हो। बच्चो, इमोशनल बैलेंस से हमें किसी भी एक्टिविटी को करने में डर नहीं लगता। इमोशनली स्ट्रॉन्ग होने से हर काम को रचनात्मक ढंग से सीखने-समझने की अप्रोच आती है।

असल में योग एक सधी हुई टेक्निक-सी है। यह हमें ऊर्जावान, खुशहाल और सकारात्मक सोच का धनी बनाता है। साथ ही गुस्सा, ईर्ष्या, उदासी और डर जैसी नकारात्मक भावनाओं से भी बचाती है। *

## योग अपनाएं!



एआई इमेज

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

जीवन में हो योग योग का,
मिट जाएगा नाम रोग का।
अद्भुत शांति योग से मिलती,
खुशियाली की बगिया खिलती।
घोर तनाव सदा घटता है,
और लचीलापन बढ़ता है।
प्रतिरोधक क्षमता यह देता,
विकृतियों को है हर लेता।
मन-शरीर दोनों को जोड़े,
गलतफहमियां सारी तोड़े।
नियमित जब अभ्यास करेंगे,
तन में ऊर्जा नई भरेंगे।
ठीक देर तक कभी न सोना,
समय योग का तुम मत खोना।
सुंदर अपना स्वास्थ्य बनाएं,
बच्चो, चलो योग अपनाएं।

फीलिंग्स

# लव यू पापा!

हमारे पापा हमें बहुत प्यार करते हैं। वे हर कदम पर हमारा हौसला बढ़ाते हैं, हमें मोटिवेट और इंस्पायर करते हैं। उनके साथ बिताए गए पल स्पेशल-मेमोरेबल हो जाते हैं। फादर्स-डे के अवसर पर टीवी के दो चाइल्ड आर्टिस्ट्स अपने पापा के साथ की स्पेशल मेमोरीज, उनकी सीख **बालभूमि** के साथ शेयर कर रहे हैं। यह भी बता रहे हैं, इस फादर्स-डे पर उनकी क्या खास प्लानिंग्स हैं।

### मेरे लिए पापा से बेहतर कोई नहीं : अथर खान



सोनी सब चैनल पर हाल ही में शुरू हुए पौराणिक धारावाहिक 'हस्तिनापुर के वीर' में अथर खान किशोर युधिष्ठिर की भूमिका निभा रहा है। इस किरदार में वह दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है। फादर्स-डे के खास मौके पर अथर अपने पिता से जुड़ी कुछ खूबसूरत यादों के बारे में बताता है, 'वैसे तो मेरे लिए पापा के साथ बिताया हुआ हर पल खास होता है। मेरी सबसे प्यारी यादों में से एक पल वह है, जब मेरी एक बर्थ-डे पर पापा के साथ मैंने जमकर डांस किया था। हमारे रिलेटिव्स और फ्रेंड्स ने हमें चीयर किया था। मेरे लिए मेरे पापा से बेहतर कोई और नहीं हो सकता।' अपने पापा की कही कुछ बातें अथर के लिए लाइफ लेसंस की तरह हैं, ये बातें कौन-सी हैं, वह बताता है, 'पापा ने मुझे दो बहुत जरूरी बातें सिखाई हैं। पहली, अपना काम हमेशा दिल और मेहनत से करो। साथ ही काम में एक ईमानदारी भी हो। पापा की दूसरी सीख यह है कि जिंदगी में सफलता के बाद कभी घमंड नहीं करो। घमंड में आकर इंसान नीचे आना शुरू कर देता है।' फादर्स-डे के लिए अथर का क्या स्पेशल प्लान है, वह बताता है, 'इस दिन मैं पापा के साथ पूरा डे-आउट प्लान करूंगा। उनके साथ घूमूंगा, लंच और डिनर भी करूंगा।' फादर्स-डे के मौके पर अथर का अपने पापा के लिए क्या मैसेज है, वह बताता है, 'पापा, मेरे लिए आप बहुत मेहनत करते हैं। हमेशा मेरा हौसला बढ़ाते हैं। पढ़ाई हो, शूटिंग हो या फिर कुछ और, हर परिस्थिति में मेरा साथ देते हैं। लव यू पापा! हैप्पी फादर्स-डे!' *

### इंस्पायर करती हैं पापा की बातें : हरिति जोशी



सन नियो चैनल के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में तारा के किरदार में हरिति जोशी ने दर्शकों का दिल जीत रखा है। अपने पापा से जुड़ी स्पेशल मेमोरी शेयर करते हुए वह बताती है, 'एक बार मैं अपने पापा और पूरी फैमिली के साथ घूमने गई थी। उस दिन हमने साथ में गेम्स खेले, खूब मस्ती की। बहुत सारी तस्वीरें खिंचवाईं और अपनी पसंदीदा चीजें भी खाईं। हम सबने मिलकर इतना अच्छा टाइम स्पेंड किया कि वह दिन मेरी सबसे खूबसूरत यादों में शामिल हो गया।' हरिति को अपने पापा की कही बातें बहुत इंस्पायर करती हैं, वह बताती है, 'मेरे पापा कहते हैं, अपने काम हमेशा मेहनत और ईमानदारी से करना चाहिए। मेहनत और ईमानदारी से किया गया काम कभी बेकार नहीं जाता।' फादर्स-डे के लिए हरिति ने क्या कुछ स्पेशल प्लान किया है, वह बताती है, 'इस बार फादर्स-डे पर मैं अपने पापा के लिए हाथ से बनाया हुआ एक सुंदर-सा कार्ड और एक छोटा-सा गिफ्ट दूंगी। मैं उनके साथ पूरा दिन स्पेंड करूंगी ताकि उन्हें महसूस हो कि वे मेरे लिए कितने स्पेशल हैं।' फादर्स-डे पर हरिति का अपने पापा के लिए स्पेशल मैसेज है, 'पापा, आप मेरे सबसे बड़े हीरो हैं। आप हमेशा मेरा साथ देते हैं, मुझे हिम्मत देते हैं। मेरे हर सपनों पर फेथ करते हैं। इससे मुझे आगे बढ़ने की ताकत मिलती है। हैप्पी फादर्स-डे, पापा! आई लव यू!' *

प्रस्तुति : बालभूमि

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## पर्यावरण संरक्षण की सीख देती रोचक कहानियां

बच्चो, तुम्हारे लिए मजेदार शीर्षक वाली एक नई किताब आई है-'जंगल गाने लगा।' इस किताब में तुम्हारे लिए चार बड़ी रोचक कहानियां हैं। शीर्षक कहानी में हाथियों के आतंक से गांव वाले बहुत परेशान थे। एक दिन गांव वालों ने आपस में मिलकर तय किया कि वे रात में जागकर हाथियों को भगाने के लिए ढोल बजाएंगे और पटाखे छोड़ेंगे। उनकी तरकीब काम आई। हाथियों ने गांव में आना बंद कर दिया। इस तरह गांव वाले खुश थे। उन्हें लगने लगा जैसे कि पूरा जंगल गा रहा है, वे एकजुट होकर नाच रहे हैं। दूसरी कहानी 'हरियाली और खुशहाली' में दो भाइयों मोहन और सोहन ने मिलकर गांव में पहले तालाब खोदा फिर गांव के बुजुर्गों की सलाह और अन्य लोगों की मदद से पूरे गांव की तस्वीर ही बदल दी। अब गांव में हरियाली और खुशहाली दोनों एकसाथ दिखाई देने लगी। तीसरी कहानी 'बरगद की मौत' में बताया गया है कि शुद्ध पर्यावरण के लिए पेड़ों को न केवल लगाना जरूरी है, उनकी देखभाल करना भी जरूरी है ताकि वे बचे रहें। असल में गांव वालों की लापरवाही से हरा-भरा बरगद का पेड़ कटकर गिर गया था। इस घटना से गांव के बच्चों का मन बहुत आहत हुआ। उन्होंने मिलकर संकल्प लिया कि वे गांव में अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर उसे हरा-भरा बनाएंगे। अंतिम कहानी 'पेड़ों से श्रंगार' भी पर्यावरण संरक्षण पर आधारित है। कहानी कहती है कि अगर धरती पर पेड़ रहेंगे, तो न केवल हम स्वस्थ- सुरक्षित रहेंगे, हमारी अगली पीढ़ी को भी इसका लाभ मिलेगा। जानवरों पर केंद्रित मुखपृष्ठ तो इतना आकर्षक है कि किताब देखते ही इसे उठाकर पढ़ने का मन करता है। *




**किताब:** जंगल गाने लगा (बालकथा संग्रह), **लेखक:** अंकुश्री
**मूल्य:** 125 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्यांजलि प्रकाशन, प्रयागराज

## जीके क्विज-210

1. देश के अगले आर्मी चीफ कौन होंगे?
2. 23वें फीफा वर्ल्ड कप 2026 का उद्घाटन कहां किया गया?
3. हाल में पीएम नरेंद्र मोदी को किस देश ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया?
4. भारतीय सेना में सर्वोच्च वीरता पुरस्कार कौन-सा है?
5. इसरो का मुख्यालय कहां स्थित है?
6. ताजमहल का निर्माण किस मुगल शासक ने करवाया था?
7. विश्व का सबसे छोटा महासागर कौन-सा है?
8. विद्युत धारा का एसआई मात्रक क्या है?
9. भारत का पहला सुपर कंप्यूटर कौन-सा था?
10. हॉकी में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?



बच्चो, जीके क्विज-210 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-209 का उत्तर :** 1.आर. प्रज्ञानंदा, 2.डी.के. शिवकुमार, 3.ऑस्ट्रेलिया और मलेशिया, 4.योगासन, 5.अश्विनी वैष्णव, 6.हाइड्रोजन, 7.कर्जन, 8.टोकोफेरॉल, 9.ग्यानिमिड, 10.21 जून

**जीके क्विज-209 का सही उत्तर देने वाले :** डिंपल-गरियाबंद, कबीर-हिसार, साहिल-ईमेल से, हरि कृष्ण-लुधियाना, कमल-रायपुर, सुदीप-बिलासपुर, प्रिया-बलौदा बाजार, सुमंत-महासमुंद, जिया-दुर्ग, किशन-रोहतक, संचिता-भोपाल



कहानी
हरीश कुमार 'अमित'

जरा-सी तबीयत बिगड़ी नहीं कि वैभव स्कूल जाना बंद कर देता। वह छोटी-छोटी तकलीफों को बहुत बड़ी तकलीफ मान लेता था। लेकिन एक दिन जब उसने देखा, पापा के हाथ में फ्रैक्चर होने पर भी उन्होंने अपने काम बंद नहीं किए, बोले, 'शो मस्ट गो ऑन!' वैभव को यह बात कितनी समझ में आई, क्या उसमें कोई बदलाव आया?

# पापा ने कहा शो मस्ट गो ऑन!



एआई इमेज

वैभव पिछले दो दिनों से स्कूल नहीं जा रहा था, क्योंकि उसके दांत में दर्द था। हालांकि दर्द हल्का ही था, बहुत तेज नहीं था, लेकिन जब मम्मी ने दांत पर लौंग का तेल लगा दिया तो दर्द और कम हो गया था, लेकिन वैभव की आदत थी कि वह ऐसी छोटी-मोटी तकलीफों को भी बहुत बड़ी समस्या मान लेता था। अब दांत के इसी दर्द के कारण वह न सिर्फ स्कूल से छुट्टी पर था, बल्कि शाम को दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने भी नहीं जा रहा था।

वैभव को कभी हल्का-सा बुखार हो जाता या छोटी-मोटी चोट लग जाती या फिर हल्का-सा पेटदर्द हो जाता, वह स्कूल जाना और दोस्तों के साथ खेलना बंद कर देता था। सारा दिन बीमारों की तरह बिस्तर पर ही पड़ा रहता था। मम्मी-पापा उसे बहुत समझाते कि इस तरह की छोटी-मोटी तकलीफों को इतना बड़ा समझना ठीक नहीं है, मगर उनकी इन बातों का उस पर कोई असर नहीं होता था।

शाम को वैभव बिस्तर पर लेटकर टीवी देख रहा था, तभी पापा अपनी दुकान बंद करके घर वापस आए। उसके पापा संगमरमर की मूर्तियों का व्यापार करते थे। वैभव ने देखा कि उनकी दाईं कलाई पर प्लास्टर लगा हुआ है। मम्मी के पूछने पर पापा ने बताया, 'दोपहर को दुकान के शेल्फ में रखते वक्त एक बड़ी मूर्ति मेरी दाईं बांह पर गिर गई थी। खून तो नहीं निकला, लेकिन चोट के कारण कलाई में बहुत तेज दर्द होने लगा, मुझे डॉक्टर के पास जाना पड़ा। डॉक्टर ने मुआयना करके एक्स-रे करवाया तो पता चला कि मेरी दाईं कलाई में हल्का-सा फ्रैक्चर हो गया है। इसलिए डॉक्टर ने मेरी कलाई पर चार हफ्ते के लिए प्लास्टर लगा दिया है।' यह सब जानकर वैभव ने पूछा, 'पापा, अब तो चार हफ्ते तक दुकान बंद रहेगी न!'

'बंद क्यों रहेगी दुकान?' पापा हैरानी से बोले।

'क्योंकि, आप चार हफ्ते तक दुकान पर जा नहीं सकेंगे न।' वैभव बोला।

उसकी बात सुनकर पापा ने जानना चाहा, 'यह तुमसे किसने कहा कि मैं अगले चार हफ्ते तक दुकान पर नहीं जा पाऊंगा?'

'आपको चोट जो लगी है न पापा, आपको प्लास्टर भी लगा हुआ है।' वैभव ने जवाब दिया।

'ठीक है बेटा, चोट लगी है और प्लास्टर भी लगा है, लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं कि मैं चार हफ्ते के लिए दुकान बंद करके घर पर बैठ जाऊं।' पापा धीरज के साथ बोले।

'लेकिन पापा, फिर आप ठीक कैसे होंगे?' वैभव को पापा की बात समझ में नहीं आ रही थी।

'बेटा, डॉक्टर ने मुझे पूरे चार हफ्ते के लिए बिस्तर पर आराम करने के लिए थोड़ी न कहा है! बांह पर लगे प्लास्टर का ध्यान रखते हुए मैं सब काम करता रहूंगा। दुकान पर भी जाऊंगा। हां, अगर किसी से थोड़ी-बहुत मदद लेनी पड़ी तो जरूर लूंगा। बेटा, चाहे कैसी भी रुकावटें हों, कोई काम नहीं रुकना चाहिए। शो मस्ट गो ऑन!' पापा मुस्कराते हुए बोले।

थोड़ी देर बाद वैभव ने देखा कि पापा ने बाएं हाथ से अपने जूते उतारे और मुंह-हाथ धोकर कपड़े बदले। फिर टीवी का रिमोट उठाकर कुर्सी पर बैठ गए और बाएं हाथ से टीवी के चैनल बदलने लगे। मम्मी पानी का गिलास लेकर आईं तो उन्होंने बाएं हाथ से गिलास ले लिया। फिर थोड़ी देर बाद चाय के मग को भी बाएं हाथ से पकड़ा। रात का खाना भी उन्होंने उसी हाथ से खाया। पापा को अपना बायां हाथ इस्तेमाल करते हुए देख वैभव यही सोच रहा था कि दाईं कलाई पर चोट लगी होने के कारण पापा बाएं हाथ का प्रयोग कर रहे हैं।

अगली सुबह पापा को दुकान पर जाने के लिए तैयारी करते देख वैभव बिस्तर से उतरा और रसोई में काम कर रहीं मम्मी के पास जाकर बोला, 'मम्मी, मेरा स्कूल का टिफिन भी तैयार कर देना, मैं स्कूल जाऊंगा।'

'लेकिन तुम्हारे दांत का दर्द अब ठीक है क्या?' मम्मी को मालूम था कि ऐसी कोई छोटी-मोटी तकलीफ होने पर वैभव तीन-चार दिनों तक स्कूल नहीं जाता था।

'मम्मी, दर्द तो हल्का-सा है अभी, लेकिन मुझे पापा ने बहुत बड़ी सीख दे दी है। पापा बांह में फ्रैक्चर होने पर भी सभी काम कर रहे हैं, दुकान पर भी जा रहे हैं, तो फिर मैं इस हल्के-से दांत दर्द की वजह से क्यों घर बैठा रहूं? मुझे समझ आ गया है- शो मस्ट गो ऑन!'

बाहर वॉश बेसिन के सामने बाएं हाथ से दाढ़ी बनाते हुए पापा ने वैभव के मुंह से यह सब सुना तो मुस्कुरा पड़े। *



एआई इमेज

कविता
सिराज अहमद

## मैं पापा की जान

पापा मेरे सच्चे साथी
मैं पापा की जान।
कभी-कभी गुस्सा करते हैं
जब गलती हो जाए
लेकिन अगले पल हंसकर
मुझको गले लगाएं
चीजें मुझे दिलाएं सारी
ले जाकर दुकान।
उनके कंधों पर मैं बैठूं
जब भी मेले जाऊं
दुनिया देखूं, ऐसी खुशियां
और कहीं न पाऊं
पापा अकसर कहते मुझसे
मैं उनकी पहचान।
मेहनत और मशक्कत से वह
बिल्कुल न घबराते
कभी टेंशन में रहते भी
हमको नहीं बताते
प्यारे पापा आप हमारे
इस घर की हैं शान।

## रंग भरो-204

**रंग भरो-204** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





दिव्या, बिलासपुर



आयांश, दुर्ग



पलक, अटेली मंडी



नंदिनी, उमरिया



साक्षी, रायपुर




सिद्धि, राजनांदगांव

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

वर्णिका-खैरागढ़, दिशा-बिलासपुर, श्रेया-दुर्ग, सचिन-रोहतक, रोहित-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, डॉली-दुर्ग, दीपक-जांजगीर, सौम्या-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, कुणाल-करनाल, प्रिया-कोरबा

## रंग भरो 205



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में हर्ष और खुशी अपने पापा को फादर्स-डे के मौके पर गिफ्ट दे रहे हैं। इस प्यारे-से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### वीएसकेएस एप की तकनीकी खामियों से शिक्षक परेशान, बायोमेट्रिक उपस्थिति लागू करने की मांग



**पोड़ीमोड़।** छग शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज करने हेतु लागू किए गए वीएसकेएस ऐप में कई तकनीकी खामियां सामने आ रही हैं, जिससे प्रदेश भर के शिक्षक परेशान हैं। ऐप के माध्यम से कई बार शिक्षकों का चेक-इन एवं चेक-आउट सफलतापूर्वक दर्ज नहीं हो पाता, जिसके कारण उनकी उपस्थिति संबंधी अनावश्यक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। टीचर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के जिला प्रचार सचिव अविनाश तिवारी ने कहा कि यह व्यवस्था शिक्षकों के निजी मोबाइल पर आधारित है, जिससे उनके व्यक्तिगत डेटा एवं निजता पर भी खतरा उत्पन्न होता है। शिक्षकों को अपने निजी संसाधनों का उपयोग करने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जबकि विभाग द्वारा डेटा सुरक्षा एवं गोपनीयता की कोई स्पष्ट गारंटी नहीं दी गई है। संघ के जिला अध्यक्ष भूपेश सिंह ने कहा कि उपस्थिति दर्ज करने के लिए मोबाइल आधारित व्यवस्था के स्थान पर विद्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू की जानी चाहिए, जिससे उपस्थिति प्रक्रिया पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बन सके। संघ के पदाधिकारी मिथिलेश पाठक, पीतांबर सिंह मरावी एवं ब्लॉक अध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि वर्तमान व्यवस्था में तकनीकी समस्याओं के कारण शिक्षकों को मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शासन एवं शिक्षा विभाग से मांग की है कि वीएसकेएस ऐप आधारित उपस्थिति प्रणाली को तत्काल बंद कर सभी विद्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति व्यवस्था लागू की जाए। संघ ने कहा कि बायोमेट्रिक व्यवस्था से शिक्षकों की निजता सुरक्षित रहेगी, निजी मोबाइल एवं इंटरनेट पर निर्भरता समाप्त होगी तथा उपस्थिति संबंधी विवादों का भी स्थायी समाधान हो सकेगा।

### अंजू को मिला विद्या वाचस्पति की उपाधि



**अम्बिकापुर।** साहित्यकार अंजू पाण्डेय को हिंदी भाषा एवं साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए काशी हिन्दी विद्यापीठ, वाराणसी द्वारा विद्या-वाचस्पति का मानद उपाधि प्रदान की गई है। अंजू पाण्डेय कविता, मुक्तक व अन्य साहित्यिक विधाओं में लम्बे समय से सक्रिय हैं। उनकी रचनाओं में राष्ट्रप्रेम, नारी अस्मिता, प्रकृति संरक्षण, सामाजिक चेतना, मानवीय संवेदनाएं और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का सशक्त स्वर देखने को मिलता है।

### पम्प चोरी के फरार आरोपी और खरीददार को लटोरी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लटोरी पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान में एक और सफलता मिली है। पुलिस ने चोरी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी 21 वर्षीय ओम प्रकाश चेरवा पिता समय लाल चेरवा निवासी मजीरा फुलवारपारा को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही चोरी का सामान खरीदने वाले आरोपी 21 वर्षीय गणेश चेरवा पिता जलिनधर चेरवा निवासी मजीरा फुलवारपारा को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस जांच के दौरान आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया 3 एचपी का समर्शिबल पंप बरामद किया गया। पूछताछ में सामने आया कि चोरी के बाद उक्त पंप को कम कीमत पर बेच दिया गया था, जिसे गणेश चेरवा ने खरीद लिया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश किया गया है।



### निधन

### गुलाब देवी



**अम्बिकापुर।** शहर के डीसी रोड निवासी श्रीमती गुलाब देवी पति स्व. विक्रम सिंह का बुधवार की रात्रि निधन हो गया। वे 90 वर्ष की थी तथा पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ रह रही थी। वे पूर्व राजस्व निरीक्षक हनुमान सिंह एवं शिक्षक राजेश सिंह की माता थीं। वे अपने पीछे दो पुत्रों एवं 7 पुत्रियों का भरापूरा परिवार छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार गुरूवार को सुबह शंकरघाट, मुक्तिधाम में किया गया है। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन, स्नेही एवं वार्डवासी शामिल हुए।

## समाधान की दिशा में पहल की तैयारी

# रेत भराव से घट रही कनहर एनीकट की जल भंडारण क्षमता, लोग चिंतित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

कनहर एनीकट में लगातार बढ़ रहे रेत भराव ने गंभीर समस्या का रूप ले लिया है। विगत कई वर्षों से एनीकट में बड़ी मात्रा में रेत जमा होने के कारण इसकी जल भंडारण क्षमता लगातार घटती जा रही है। वर्तमान स्थिति यह है कि एनीकट की स्टोरेज क्षमता घटकर लगभग 30 प्रतिशत तक सीमित रह गई है, जिससे इसका समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा है।

**खास बात**
- वर्षों से जमा हो रही रेत बनी बड़ी समस्या

जानकारों के अनुसार कनहर नदी के साथ बहकर आने वाली रेत वर्षों से एनीकट के जलाशय क्षेत्र में जमा होती रही है। समय पर सफाई और गहरीकरण नहीं होने के कारण रेत की मोटी परत बन गई है, जिससे जल संग्रहण क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। बरसात के दौरान एनीकट में पर्याप्त पानी आता है, लेकिन कम भंडारण क्षमता के कारण बड़ी मात्रा में पानी का संचयन नहीं हो पाता।सूत्रों के अनुसार पिछले वर्ष तत्कालीन कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग ने समस्या की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर से चर्चा कर एनीकट से रेत निकालने की पहल की थी। इसके लिए आवश्यक प्रक्रिया प्रारंभ करने का प्रयास भी किया गया था, लेकिन इसी दौरान उनके स्थानांतरण हो जाने के कारण मामला आगे नहीं बढ़ सका और प्रस्ताव अधूरा रह गया।स्थानीय लोगों का कहना है कि कनहर एनीकट नगर और आसपास के क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण जल स्त्रोत है। समय रहते यदि रेत निकासी और गहरीकरण का कार्य कराया जाता है तो एनीकट की जल भंडारण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। वर्तमान में लोगों की नजरें जल संसाधन विभाग और प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।



रेत से पटा एनीकट।

### मात्र 30 प्रतिशत रह गई स्टोरेज क्षमता

कनहर एनीकट में नियमित सफाई नहीं होने के कारण रेत वर्षो से जमा हो रही है। ऐसे में अब एनीकट में रेत जमाव होने से पानी की स्टोरेज क्षमता मात्र 30 प्रतिशत रह गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि एनीकट में नियमित रूप से जमा हो रही रेत की सफाई और गहरीकरण कार्य कराए जाने से इसकी उपयोगिता बढ़ेगी तथा जल संरक्षण के उद्देश्य को भी मजबूती मिलेगी। अब देखना होगा कि विभाग द्वारा प्रस्तावित पहल कब धरातल पर उतरती है।

### विभागीय पलट की उम्मीद

नगर के लिए कनहर नदी जीवनदायिनी है। नगर की जलापूर्ति कनहर नदी के एनीकट पर ही निर्भर है। ऐसे में वर्षो से एनीकट में रेत भराव एक बड़ी समस्या बन गई है। हालांकि विभाग भी एनीकट रेत भराव की समस्या से न सिर्फ अवगत है बल्कि समस्या से निजात दिलाने पहल शुरू कर दी है। उम्मीद जताई कि विभागीय स्तर पर आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद समस्या के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### जल भंडारण हुई है प्रभावित

एनीकट में अत्यधिक रेत भराव होने से उसकी जल भंडारण क्षमता प्रभावित हुई है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों एवं जिला प्रशासन को अवगत कराया जाएगा तथा एनीकट से रेत निकासी के लिए आवश्यक पहल की जाएगी।
-एनपी डहरिया, कार्यपालन अभियंता



## नन्हें कदम बढ़े स्कूल की ओर शाला प्रवेश उत्सव में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के साथ नगर के कोईरीटोला स्थित प्राथमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी बच्चों का पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया तथा उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए नियमित रूप से विद्यालय आने का संकल्प दिलाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बच्चों का मुंह मीठा कराया। अतिथियों ने बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया और उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया।

- नवप्रवेशी बच्चों का हुआ आत्मीय स्वागत

शाला प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। नवप्रवेशी बच्चों के चेहरे पर विद्यालय से जुड़ने की खुशी साफ झलक रही थी। अतिथियों ने बच्चों एवं उनके पालकों को शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने विद्यालय की शैक्षणिक एवं आधारभूत व्यवस्था का भी निरीक्षण किया तथा शिक्षकों से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास करने का कहा गया। अतिथियों ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है और प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना हम सभी की प्राथमिकता है। उन्होंने पालकों से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने की बात कही साथ ही अधिकारियों ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना तथा शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना है।

इस दौरान एसडीएम आनंद राम नेताम, विकासखंड शिक्षा अधिकारी विजय कुशवाहा एवं भाजपा महिला नेत्री शर्मिला गुप्ता के अलावा शिक्षक-शिक्षिकाओं, पालकों एवं स्थानीय नागरिकों की सक्रिय सहभागिता रही।

### शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय भैयाथान में शाला प्रबंधन समिति का गठन, त्रिलोक बने अध्यक्ष

**भैयाथान।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैयाथान में गुरुवार अभिभावकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के नवीन निर्देशों के अनुरूप शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। निर्धारित प्रावधानों के अनुसार समिति में 75 प्रतिशत सदस्य अभिभावक तथा 25 प्रतिशत गैर-अभिभावक शामिल किए गए। गैर-अभिभावक वर्ग में शिक्षाविद, पर्यावरणविद, भूतपूर्व विद्यार्थी, नर्स सहित अन्य प्रतिनिधियों को स्थान दिया गया। साथ ही समिति में एक-तिहाई शिक्षक, एक-तिहाई पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधि तथा कुल सदस्यों में 50 प्रतिशत महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित की गई। सर्वसम्मति से गठित समिति में त्रिलोक पटेल को अध्यक्ष, राम अवतार पाटिल को उपाध्यक्ष तथा विद्यालय के प्राचार्य डीके राय को सचिव बनाया गया। बैठक के दौरान समिति के सभी सदस्यों ने सदस्यता पत्र पर संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किए तथा विद्यालय के समग्र विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और शैक्षिक वातावरण को बेहतर बनाने के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। नई समिति से विद्यालय के विकास कार्यों और शिक्षा की गुणवत्ता में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जताई गई।



## संत गहिरा गुरु विव ने अर्थीफैक्ट्ज आर्टिज़ंज के साथ किया एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय में बुधवार को विश्वविद्यालय एवं अर्थीफैक्ट्ज आर्टिज़ंज प्राइवेट लिमिटेड, भोपाल के मध्य एमओयू हस्ताक्षर किये गए।

- छात्र-छात्राओं को दिया जाएगा हस्तशिल्प का प्रशिक्षण एवं रोजगार

कुलपति प्रो राजेंद्र लाकपाले की अध्यक्षता में कुलसचिव डॉ. शारदा प्रसाद त्रिपाठी एवं अर्थीफैक्ट्ज आर्टिज़ंज प्राइवेट लिमिटेड, की डायरेक्टर अपर्णा अवस्थी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया। इस दौरान नोडल अधिकारी प्राध्यापक डॉ. रोहिताश देशमुख, एवं सह नोडल अधिकारी डॉ. समन नारायण उपाध्याय उपस्थित थे। कुलसचिव प्रो.डॉ.त्रिपाठी ने बताया कि इस एमओयू का मूल उद्देश्य अर्थीफैक्ट्ज आर्टिज़ंज प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से विश्वविद्यालय में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं एवं विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिधि में आने वाले मुख्य धरा से विरत हस्त-शिल्पियों, मिट्टी का बर्तन बनाने वाले, विशिष्ट कृषि उत्पादन करने वाले तथा स्थानीय उपज को संगृहीत करने वाले लोगों का कौशल विकास करना, उन्हें अपने उत्पादों को बाजार में ऑनलाइन प्लेटफार्म के माध्यम से प्रस्तुत करने का प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार एवं इंटरप्रेन्योरशिप की दक्षता का विकास करना है। इन प्राथमिक क्षेत्रों में दक्षता विकास के साथ ही तृतीयक क्षेत्र में भी विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षित कर देश- विदेश में नौकरी के अवसर विकसित कराना है. इस एमओयू के क्रियान्वित होते ही सरगुजा संभाग ही नहीं प्रदेश स्तर के समस्त छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को स्वरोजगार एवं इंटरप्रेन्योरशिप के अवसर प्राप्त होंगे। इस एमओयू के माध्यम से छात्रों को ट्रेनिंग एवं विभिन्न रोजगारोन्मूलक पाठ्यक्रमों की सहायता से उनको प्रशिक्षित किया जाएगा तथा छात्रों को पाठ्यक्रम के स्टडी मैटिरियल निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे साथ ही प्रशिक्षण में कंपनी का पंजीकरण करना, प्रोडक्ट की ब्रांडिंग करना, डिजिटल कैटलॉगिंग करना ऑनलाइन एवं एआई मॉड्यूल के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएआ और ऑनलाइन मार्गदर्शन भी दिया जाएगा।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.- 202303021700103/अ-55/2021-22

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नवीन कुमार गुप्ता आ.स्व.श्याम सुन्दर गुप्ता, निवासी ग्राम असोला, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम असोला, प.ह.नं. 08 के पटेल पद पर नियुक्त हेतु आवेदन पत्र माननीय न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच कार्यवाही व प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 24/07/2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 08/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**अम्बिकापुर-2**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला- सरगुजा (छ.ग.)**
202406021700038/अ-27/2023-24

**//अंतिम फर्द बंटवारा ईश्तहार प्रकाशन//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका चमेली पुत्री ननका, व अन्य 07, निवासी ग्राम सरगवां, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम सरगवां स्थित भूमि खसरा नंबर 227, 271, 226 रकबा क्रमशः 0690, 1.220, 0.300 हे. भूमि का आवेदिकागण तथा अनावेदक देव प्रसाद आ. दशरथ, निवासी ग्राम सरगवां, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) के मध्य 1/2 भाग में बंटवारा कराने हेतु छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत फर्द बंटवारा सूची एवं फर्द नक्शा का अंतिम प्रकाशन किया जा रहा है। अतः उक्त फर्द बंटवारा में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 24/06/2026 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 12/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**अम्बिकापुर-02**

### हाथियों के दल ने चार ग्रामीणों के घर को पहुंचाया नुकसान

**नर्मदापुर।** मैनपाट क्षेत्र में लगातार विचरण कर रहे हाथियों के दल ने बुधवार की रात चार ग्रामीणों के घरों को तोड़ दिया है जिनमें से दो घर कंडराजा कॉलोनी में स्थित थे एवं दो घर कोरवा बस्ती बिकुलढाप में स्थित है। क्षेत्र में 13 हाथियों के दल लंबे समय से विचरण कर रहा है। बुधवार की रात हाथियों का दल गांव पहुंचा और घरों को तोड़ने के बाद घर में रखे अनाज को चट कर दिया। हाथियों के दल ने बृजमोहन यादव आ.फ़ुचई यादव, चेतन माझी आ. पिछारू माझी, सोमारू कोरवा आ. रुगू कोरवा, डूमू कोरवा आ. मंगल कोरवा के घरों को नुकसान पहुंचाया। बरसात का मौसम करीब है। ऐसे में हाथियों द्वारा घरों को तोड़े जाने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है और बरसात के मौसम में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। हाथियों के दल के बस्ती में घुसने पर ग्रामीण भागकर अपनी जान तो बचा लेते हैं लेकिन अपने घरों एवं घरों में रखे अनाज को नहीं बचा पाते हैं।



### शराब पीकर वाहन चलाने पर दस हजार का जुर्माना

**अंबिकापुर।** शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई का सिलसिला जारी है। सरगुजा पुलिस ने शराब के नशे में वाहन चलाने वाले को पकड़कर न्यायालय में पेश किया। इस मामले में न्यायालय द्वारा दस हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि सडक दुर्घटनाओ मे कमी लाने के उद्देश्य से एसएसपी राजेश कुमार अग्रवाल ने यातायात नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। एसएसपी के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान वाहन क्रमांक सीजी 15 ईएच 3014 को रुकवाकर वाहन चालक से पूछताछ की गई। चालक की पहचान ठनगनपारा निवासी 27 वर्षीय धर्मेन्द्र गुप्ता आ. स्व. मुन्ना लाल गुप्ता के रूप में की गई। चालक शराब के नशे मे धुत्त पाया गया जिसके बाद पुलिस ने स्कूटी चालक के विरुद्ध धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर मामला न्यायालय के समक्ष पेश किया। न्यायालय द्वारा स्कूटी चालक को 10 हजार रूपए के अर्थदंड से दण्डित किया गया हैं।

सरगुजा मार्केट

TOP IN SURGUJA

के आर टेक्निकल कॉलेज
COURSES OFFERED: UG COURSES: BCA | BBA | BCOM | BSC BIO | BSC MATHS | BSC CS | BA
PG COURSES: MSC CS | MSC IT | MSC BOTANY | MSC ZOOLOGY | MSC CHEMISTRY | MSC MATHS | MSC PHYSICS | MCOM | MSW | MA HINDI
PROFESSIONAL COURSES: DCA | PGDCA | PGDBM
ADMISSION OPEN 2026-27
COLLEGE CAMPUS: 9926513170, 9826612781 | CITY OFFICE: 9826183771

गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान!
समय : सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS

डॉ. प्राची MULTI SPECIALITY HOSPITAL
सोनोग्राफी की तत्काल सुविधा उपलब्ध
कार्मेल कॉन्वेन्ट स्कूल के सामने, सतपत्ता, विश्रामपुर 76106 06524, 7974491055

THE LOTUS CONSULTANCY JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT/MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
ANU SHARMA 9109920477

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ. अमित मुखर्जी M.S.Mch Neuro Mumbai
दिनांक - 28 जून 2026, दिन - रविवार
विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर - 7587722255

न्यूरो एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. चंदन दूबे MBBS, MS, MCH NEUROSURGERY (IPGME&R, KOLKATA)
प्रतिदिन आपके शहर अम्बिकापुर में उपलब्ध...
श्री महावीर हॉस्पिटल, साईं मंदिर के पास, गांधी नगर अम्बिकापुर, 6263080332 (समय : 2-4 बजे तक)
साईं पॉलीक्लिनिक, जिला हॉस्पिटल के सामने अम्बिकापुर, 7987423885 (समय : 5-7 बजे तक)

डॉ. शिवानी अग्रवाल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
OPD समय: सुबह 10:00 बजे - 2:00 बजे, शाम 5:00 बजे - 7:00 बजे
प्रकाश हॉस्पिटल
मो. 9713667433, 9617247433

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
डॉ. दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
दिनांक :- 14 जून 2026, रविवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
25 साल से स्थायी
विश्वास औषधालय
मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
95224-66664, 62622-22003
9826446666

## खबर संक्षेप

### कुमदा खदान की क्वारी में शव मिलने की सूचना पर दूसरे दिन भी चला तलाशी अभियान

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल कुमदा सब एरिया अंतर्गत आने वाली क्वारी नंबर 5-6 करमपुर के गहरे जलभराव वाले क्षेत्र में एक व्यक्ति के शव होने की सूचना मिलने के बाद पुलिस व गोताखोरों द्वारा लगातार खोजबीन की जा रही है, लेकिन दूसरे दिन भी शव का कोई पता नहीं चल सका। जानकारी के अनुसार बुधवार को बिश्रामपुर पुलिस को डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि करमपुर स्थित क्वारी नंबर 5-6 में किसी व्यक्ति का शव डूबा हुआ है। प्रारंभिक जानकारी में शव करीब एक माह पुराना बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तत्काल बचाव व खोज अभियान शुरू किया गया। खदान की क्वारी में पानी की गहराई अत्यधिक होने तथा तल में कीचड़ और दृश्यता लगभग शून्य होने के कारण तलाशी अभियान चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। बुधवार को बुलाए गए गोताखोरों ने पानी के भीतर उतरकर शव की तलाश का प्रयास किया, लेकिन गहराई अधिक होने के कारण अभियान को कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। मामले की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार को खोज अभियान का दायरा बढ़ाया गया। बिश्रामपुर पुलिस के साथ सूरजपुर की डीडीआरएफ तथा अंबिकापुर की एनडीआरएफ टीम ने भी मोर्चा संभाला।

### पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए आधार आधारित ई-केवाईसी अभियान प्रारंभ

**बैकुण्ठपुर।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितों की सुरक्षा तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आधार आधारित ई-केवाईसी अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान के तहत सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के पंजीयन अभिलेखों का आधार कार्ड में दर्ज जानकारी से मिलान कर आवश्यक संशोधन एवं अद्यतन करने की प्रक्रिया संचालित की जा रही है। श्रम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस विशेष अभियान के अंतर्गत जिले के सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को अपने मूल आधार कार्ड के साथ निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) में उपस्थित होना होगा। सीएससी संचालक द्वारा श्रमिक की पहचान का सत्यापन कर पोर्टल के रजिस्ट्रेशन अपडेशन मॉड्यूल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। सत्यापन के उपरांत श्रमिकों की जानकारी को आधार कार्ड में उपलब्ध प्रमाणित विवरण के अनुरूप अद्यतन किया जाएगा। इस दौरान हिंदी एवं अंग्रेजी में नाम, जन्मतिथि, लिंग तथा मोबाइल नंबर जैसे महत्वपूर्ण विवरणों में आवश्यक संशोधन किए जाएंगे। इससे श्रमिकों का डाटाबेस अधिक सटीक एवं अद्यतन होगा तथा भविष्य में ई-केवाईसी एवं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी। विभाग ने जानकारी दी है कि संशोधन आवेदन के लिए आधार कार्ड की स्पष्ट प्रति, श्रमिक का हस्ताक्षरित सहमति पत्र तथा मोबाइल ओटीपी प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा। लाभार्थी की वास्तविक पहचान सुनिश्चित करने के लिए आवेदन प्रक्रिया के दौरान श्रमिक की लाइव फोटो भी कैप्चर की जाएगी। आवेदन सफलतापूर्वक जमा होने के बाद एक विशिष्ट आवेदन क्रमांक जारी किया जाएगा, जिसके माध्यम से आवेदन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सकेगी। श्रम विभाग द्वारा सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से निर्धारित समयावधि के भीतर अपने अभिलेखों का सत्यापन एवं आवश्यक संशोधन कराने की अपील की गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह प्रक्रिया श्रमिकों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुगमता से उपलब्ध कराने तथा रिकॉर्ड को त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। यह अभियान 30 जून तक संचालित रहेगा

### रीवा-चिरिमिरी एक्सप्रेस के नियमित संचालन की मांग तेज यात्रियों में बढ़ रहा आक्रोश

**मनेन्द्रगढ़।** रीवा-चिरमिरी और चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस ट्रेन के नियमित संचालन को लेकर क्षेत्र के यात्रियों में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। कभी प्रतिदिन चलने वाली यह महत्वपूर्ण रेल सेवा पिछले कई महीनों से हर तीसरे दिन संचालित की जा रही है, जिससे एमसीबी, कोरिया और आसपास के जिलों के हजारों यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ट्रेन के नियमित संचालन की मांग के बीच स्थानीय सांसद द्वारा रेलवे मंत्रालय को पत्र लिखे जाने के बाद भी लोगों में यह भावना बनी हुई है कि केवल पत्राचार से समस्या का समाधान नहीं होने वाला। क्षेत्रवासियों का कहना है कि रीवा-चिरिमिरी एक्सप्रेस मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण रेल सेवाओं में से एक है। प्रतिदिन संचालन के दौरान इस ट्रेन से नौकरीपेशा लोगों, छात्रों, व्यापारियों और मरीजों को बड़ी सुविधा मिलती थी। लेकिन वर्तमान में ट्रेन का संचालन सप्ताह में सीमित दिनों तक होने से यात्रियों की यात्रा योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। इसके चलते कई लोगों को वैकल्पिक और महंगे साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। यात्रियों की शिकायत है कि ट्रेन रविवार को रीवा में ही खड़ी रहती है और उस दिन सेवा उपलब्ध नहीं होने से यात्रा करने वालों को अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ती है। लोगों का कहना है कि जब पहले यह ट्रेन नियमित रूप से संचालित हो सकती थी, तो अब इसके संचालन में कटौती का औचित्य समझ से परे है। इधर ट्रेन के नियमित संचालन की मांग को लेकर स्थानीय सांसद द्वारा रेलवे मंत्रालय को पत्र लिखे जाने की जानकारी सामने आई है।

### सीटें रिक्त बचने पर फिर शुरू होगी आवेदन की प्रक्रिया

# पीजी कॉलेज ने जारी की स्नातक प्रथम सेमेस्टर की मेरिट सूची, प्रवेश प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजीव गांधी शासकीय पीजी कॉलेज में बुधवार से स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस बार भी गणित एवं डीसीए संकाय को छोड़कर कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में प्रवेश लेने के लिए उपलब्ध सीटों की तुलना में काफी अधिक आवेदन मिले हैं। बीएससी बायो संकाय में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की भारी भीड़ है तथा सीटों की तुलना में तीन गुना से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रवेश के लिए आवेदन किया है।

**खास बात**

- बायो संकाय में मिले 3 गुना अधिक आवेदन, गणित एवं डीसीए में कम हुई रूचि

राजीव गांधी स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सरगुजा संभाग का सबसे बड़ा व पुराना कॉलेज है तथा हर साल प्रवेश के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थी आवेदन करते हैं। इस बार कॉलेज प्रबंधन द्वारा प्रवेश आवेदन के लिए 1 जून से 15 जून तक की तिथि निर्धारित की गई थी। दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थी टीसी एवं अंकसूची के लिए स्कूल खुलने का इंतजार करते रहे तथा निर्धारित तिथि गुजरने के बाद बिना आवेदन प्रवेश के लिए कॉलेज पहुंच रहे हैं। इस बार प्रवेश के लिए विभिन्न संकायों की 1885 सीटों के विरूद्ध 2686 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। बड़ी संख्या में ऐसे विद्यार्थी भी आवेदन करते हैं जो किसी प्रतियोगी परीक्षा के परिणाम का इंतजार कर रहे हैं अथवा दूसरे संस्थाओं में भी प्रवेश मिलने का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में कुछ संकायों की रिक्त सीटों पर अंतिम समय में प्रवेश होते है। इस बार कला संकाय में 880 सीट के विरूद्ध 970, वाणिज्य की 440 सीट के लिए 530, बायो संकाय की 250 सीट के लिए 779, गणित 255 के लिए 195, बीसीए की 60 सीट के लिए 123 एवं डीसीए 100 सीट के लिए मात्र 39 आवेदन मिले है। स्नातक गणित एवं डीसीए पाठ्यक्रम के प्रति विद्यार्थियों की रूचि कम हुई है वहीं स्नातक बायों के प्रति आकर्षण बढ़ा है। इस बार बायो संकाय में प्रवेश के इच्छुक अधिकांश विद्यार्थियों को प्रवेश से वंचित होना पड़ेगा।



### बायो का कटऑफ 80.6, गणित का 70.6

पीजी कॉलेज प्रबंधन द्वारा प्रवेश के लिए प्रथम मेरिट सूची जारी की गई है। मेरिट सूची में स्नातक बायो संकाय के सामान्य वर्ग का कट ऑफ 80.6 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग का 75.8, अजा का 43.2 एवं अजजा का 74.4 प्रतिशत है। स्नातक गणित संकाय में सामान्य वर्ग का कटऑफ 63..6 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग का 61.2 एवं अजजा का 56 प्रतिशत है। कला संकाय में सामान्य वर्ग का कटऑफ 66.78, अन्य पिछड़ा वर्ग का 56.6, अजा का 45.2 एवं अजजा का 53.2 है। इसी तरह स्नातक कम्प्यूटर साइंस में सामान्य वर्ग का कटऑफ 78.6, अन्य पिछड़ा वर्ग का 65.6, अजा का 64.4 एवं अजजा का 63.4 है। गणित एवं डीसीए में कम आवेदन मिलने के कारण सभी सीटें भर जाएंगी इसकी संभावना कम है। हालाकि प्रथम मेरिट सूची का प्रवेश पूरा होने के बाद रिक्त सीटों के लिए फिर से आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ करेगा।

#### खाली रह जाती है सीट

स्वीकृत सीट की तुलना में अधिक आवेदन मिलने के बावजूद कला, वाणिज्य, गणित एवं डीसीए संकाय की सीटें खाली रह जाती हैं। तीसरे चरण में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की भीड़ बढ़ती है तब रिक्त सीटों पर प्रवेश होता है। कई बार अंतिम चरण में प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राओं की भीड़ बढ़ने के कारण मारा मारी की स्थिति निर्मित हो जाती है। आवेदनों की संख्या अधिक होने के कारण गणित एवं डीसीए संकाय को छोड़कर अन्य सभी संकायों की सीटें दूसरी मेरिट सूची में भरने की संभावना जताई जा रही है।

#### दोबारा प्रारंभ की जाएगी आवेदन की प्रक्रिया

प्रथम मेरिट सूची के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने उपरांत रिक्त सीटों के लिए दोबारा आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। बायो संकाय में अत्याधिक आवेदन मिलने के कारण सीट रिक्त रहने की संभावना नहीं है।

-डॉ.अनिल सिन्हा
प्राचार्य,पीजी कॉलेज



## गहरे गड्ढे में गिरने से इलेक्ट्रिक कार में लगी आग, चालक ने बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

अंबिकापुर-बनारस मुख्य मार्ग पर गुरुवार की तड़के एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। झांपी नाला के पास सुबह करीब 4 बजे एक इलेक्ट्रिक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरी और देखते ही देखते उसमें भीषण आग लग गई। हादसे में कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई, जबकि चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते वाहन से कूदकर अपनी जान बचा ली।

जानकारी के अनुसार पहाड़ अमोरनी निवासी विक्रांत करण कुलदीप आ. स्व. बालकरन कुलदीप (27 वर्ष) अपनी इलेक्ट्रिक कार से अंबिकापुर से गांव लौट रहे थे। जैसे ही कार सवार झांपि नाला के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रहे एक ट्रक की तेज हेडलाइट की रोशनी के कारण उनकी आंखें चौंधिया गईं जिससे वाहन से नियंत्रण खो बैठा और कार सड़क से नीचे उतरकर गहरे गड्ढे में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के तुरंत बाद कार से धुआं निकलने लगा और कुछ ही पलों में आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते इलेक्ट्रिक कार आग के गोले में तब्दील हो गई। हालांकि चालक विक्रांत ने खतरे को भांपते हुए समय रहते कार से बाहर छलांग लगा दी, जिससे उनकी जान बच गई। दुर्घटना के बाद घायल युवक ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 में तैनात राकेश साहू एवं चालक सुधारण लकड़ा मौके पर पहुंचे और घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद युवक को मामूली चोटें होने के कारण छुट्टी दे दी।

विक्रांत का निवास अंबिकापुर में भी है तथा पहाड़ अमोरनी में उनका फार्म हाउस स्थित है। इसी कारण वह अक्सर इस मार्ग से आवागमन करते हैं। लेकिन गुरुवार तड़के हुई यह दुर्घटना से बाल बाल बच गए। इस हादसे ने एक बार फिर सड़क दुर्घटनाओं के बाद इलेक्ट्रिक वाहनों में आग लगने की घटनाओं को लेकर चिंता बढ़ा दी है। हालांकि इस मामले में आग लगने का कारण दुर्घटना के दौरान बैटरी सिस्टम को हुए नुकसान को माना जा रहा है, लेकिन इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## वन भूमि व्यपवर्तन राशि का भुगतान लम्बित रहने से जिला न्यायालय नए भवन का निर्माण अटका

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जिला मुख्यालय सूरजपुर में प्रस्तावित नवीन जिला न्यायालय भवन का निर्माण पिछले कई वर्षों से जटिल प्रशासनिक प्रक्रियाओं कारण अधर में लटका हुआ है। अब इस महत्वाकांक्षी परियोजना के सामने 4 लाख 68 हजार 340 रुपए की राशि सबसे बड़ी बाधा बन गई है। इसी मुद्दे को लेकर जिला अधिवक्ता संघ सूरजपुर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के शिवनंदनपुर प्रवास के दौरान ज्ञापन सौंपकर त्वरित हस्तक्षेप की मांग की है।

- जिला अधिवक्ता संघ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र निराकरण करने की मांग की
- पिछला भुगतान में देरी होने के कारण वन विभाग ने व्यपवर्तन की राशि को रिवाइज किया,पुन: पौने पांच लाख भुगतान करने को कहा



जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बलराम शर्मा व राजू दास ने मुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन में बताया कि वर्ष 2013 में सूरजपुर को नया जिला बनाए जाने के बाद जिला न्यायालय की स्थापना तो कर दी गई, लेकिन आज तक न्यायालय का अपना आधुनिक और स्थायी भवन नहीं बन पाया है। इस कारण न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं तथा न्याय की तलाश में आने वाले हजारों पक्षकारों को प्रतिदिन असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन के अनुसार नवीन जिला न्यायालय भवन निर्माण के लिए वर्ष 2017 में भूमि का चयन कर लिया गया था। हालांकि चयनित भूमि में 1.82 हेक्टेयर राजस्व वन भूमि शामिल होने के कारण वन व्यपर्तन की प्रक्रिया शुरू की गई। यह प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी है, लेकिन इसके लिए निर्धारित अंतर की राशि 4,68,340 रुपए जमा किया जाना आवश्यक है। भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय नागपुर द्वारा 6 मई 2026 को जारी पत्र में भी इस राशि के भुगतान का उल्लेख किया गया है। अधिवक्ता संघ का कहना है कि राशि जमा होते ही वन व्यपर्तन की अंतिम स्वीकृति मिल सकती है और न्यायालय भवन निर्माण का रास्ता साफ हो जाएगा। अधिवक्ता संघ ने ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया है कि परियोजना को लेकर विभागीय स्तर पर कार्यवाही अत्यंत धीमी गति से चल रही है। स्थिति यह है कि इतने वर्षों बाद भी लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन का विस्तृत ड्राइंग और स्टीमेट तक तैयार नहीं किया गया है। इससे न केवल निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है, बल्कि आमजन और अधिवक्ताओं में भी भारी नाराजगी व्याप्त है। संघ का कहना है कि जिला बनने के 13 वर्ष बाद भी न्यायालय का स्थायी भवन न बन पाना प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त न्यायालय भवन समय की मांग है।मुख्यमंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में अधिवक्ता संघ ने मांग की है कि वन व्यपर्तन के लिए आवश्यक 4.68 लाख रुपए की राशि तत्काल उपलब्ध कराई जाए। साथ ही उच्च अधिकारियों की एक विशेष टीम गठित कर पूरी परियोजना की निगरानी कराई जाए, ताकि वर्षों से लंबित यह महत्वपूर्ण कार्य तेजी से आगे बढ़ सके।

यदि शासन स्तर पर शीघ्र निर्णय लेकर आवश्यक राशि जारी कर दी जाती है, तो सूरजपुर जिले को जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से लैस नया जिला न्यायालय भवन मिल सकता है। इससे न्यायिक कार्यों की गुणवत्ता बढ़ेगी, अधिवक्ताओं को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा और आम नागरिकों को भी न्याय प्राप्त करने में सुविधा होगी।

## नेशनल प्रेस्टीज अवार्ड से सम्मानित किए गए अधिवक्ता सोनी

**अंबिकापुर।** आरटीआई कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को जनहित, सामाजिक न्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए बेस्ट आरटीआई एंड पीआईएल कार्यकर्ता सम्मान से सम्मानित किया गया है।

- अरबाज खान, करण मेहरा अशनूर कौर ने किया सम्मानित

अधिवक्ता डॉ. सोनी को यह सम्मान 30 मई को ग्लोबल रिसर्च फाउंडेशन द्वारा कर्नाटक के हुबली स्थित होटल डेनिसंस में आयोजित भव्य समारोह में नेशनल प्रेस्टीज अवार्ड 2026 प्रदान किया गया। समारोह में बॉलीवुड अभिनेता अरबाज खान, टीवी कलाकार करण मेहरा एवं अभिनेत्री अशनूर कौर के साथ साथ गोलोबल रिसर्च फाउंडेशन संस्था के फाउंडर चेयरमैन श्रीधर द्वासकर के करकमलों से डॉ. सोनी को सम्मान पत्र एवं अवार्ड प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम में 27 राज्यों के लोग उपस्थित थे तथा गोलोबल रिसर्च फाउंडेशन संस्था के फाउंडर चेयरमैन श्रीधर द्वासकर, वाइस प्रेसिडेंट ऐश्वर्या दवास्कर भी उपस्थित थी। डॉ. सोनी लंबे समय से सामाजिक न्याय, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्षरत हैं। अपनी संस्था सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस के माध्यम से वे आम लोगों को त्वरित न्याय दिलाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आरटीआई और जनहित याचिकाओं के जरिए कई महत्वपूर्ण मामलों को उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचाया तथा अनेक मामलों में सफल कानूनी लड़ाई लड़ी है। देशभर से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों के नामांकन आमंत्रित किए गए थे। चयन प्रक्रिया के बाद जनहित, आदिवासी हित, सुशासन और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. सोनी का चयन किया गया। इस सम्मान से अंबिकापुर सहित पूरे सरगुजा क्षेत्र में खुशी का माहौल है।






## शहीदी गुरुपर्व पर ठंडे छबील चना प्रसाद का हुआ वितरण

**बिश्रामपुर ।** नगर के गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में गुरुवार को सिक्खों के पांचवे गुरु श्री अर्जन देव जी का शहीदी गुरुपर्व भक्तिभाव के साथ मनाया गया,अखंड पाठ की समाप्ति व अरदास पश्चात परंपरा अनुसार चना प्रसाद व ठंडे छबील का वितरण किया गया,सिक्ख युवा समिति के सदस्यों ने बस स्टैंड,वन बी-वन सी कॉलोनी में भी स्टॉल लगाकर तपती व उमस भरी गर्मी में राहगीरों और स्थानीय लोगों को ठंडी छबील शरबत पिलाया,गौरतलब है कि सिक्खों के पंचम पातशाही श्री गुरु अर्जन देव को जून माह में धर्म व न्याय की रक्षा के लिए शहीदी प्राप्त हुई थी, सिक्ख परंपरा अनुसार इन्हें शहीदों का सरताज भी कहा जाता है।

## रंजू को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व



**अम्बिकापुर।** अभा अग्रवाल सम्मेलन ने नगर की रंजू अग्रवाल को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है। समाज के इतने बड़े पद पर पहली बार किसी महिला को यह बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। राहुल मेडिकल के संचालक एवं पूर्व पार्षद वरिष्ठ भाजपा नेता संजय अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती अग्रवाल को अभा अग्रवाल सम्मेलन ने समाज में उनकी सक्रियता, महिलाओं को जोड़ने एवं महिला नेतृत्व की क्षमता को देखते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## प्राकृतिक खेती पर किसान मोर्चा की जिला स्तरीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने एवं किसानों को रसायन मुक्त कृषि के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यशाला उत्साह, जनभागीदारी एवं किसान हितैषी विचारों के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों, कृषि वैज्ञानिकों, जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

- कृषि वैज्ञानिकों ने उन्नत व आधुनिक कृषि पर दिया व्याख्यान




कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यशाला में प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 51 प्रगतिशील किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों का सम्मान कर उनके योगदान की सराहना की गई। किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष कपिल पांडेय ने कहा कि प्राकृतिक खेती केवल खेती की पद्धति नहीं बल्कि किसानों की आर्थिक समृद्धि, भूमि की उर्वरता तथा मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा का सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में प्राकृतिक खेती को नई पहचान मिली है। किसान मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यशाला किसानों को नई दिशा देने का कार्य कर रही है। विशिष्ट अतिथि एवं वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने कहा कि केंद्र सरकार के सफल 12 साल बेमिसाल कार्यकाल में किसानों के कल्याण के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गई हैं। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने कहा कि आज भारत विश्व पटल पर मजबूती के साथ अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। कृषि क्षेत्र में भी अनेक सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं। किसान मोर्चा के संभागीय प्रभारी रमेश सिंह ने प्राकृतिक खेती की व्यावहारिक जानकारी देते हुए किसानों को जीवामृत, घनजीवामृत, ब्रह्मास्त्र, नीमास्त्र तथा अन्य जैविक घोल तैयार करने की विधि समझाई। भाजपा जिला अध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी ने कहा कि प्राकृतिक खेती आज की आवश्यकता है। रसायन युक्त कृषि से जहां भूमि की उर्वरता प्रभावित हो रही है वहीं मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। आदिवासी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह ने कहा कि प्राकृतिक खेती भारतीय परंपरा और संस्कृति से जुड़ी हुई है। यह खेती किसानों के लिए आर्थिक रूप से लाभकारी होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का भी प्रभावी माध्यम है। कार्यशाला में उपस्थित कृषि वैज्ञानिक डॉ. रोमिना खेस , चैनेश पटेल ,अमित पैकरा, सूर्य प्रताप गुप्ता, लीलाधर साहू ने प्राकृतिक खेती के विभिन्न आयामों पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि यह खेती कम लागत, अधिक उत्पादन, मिट्टी की उर्वरता संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का प्रभावी माध्यम है।

माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल
तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)/ डॉक्टर्स हाउस
इलाज में सबसे सस्ता, व्यवस्था में सबसे अच्छा
HOSPITAL Caring for You
डॉ. अमित जैन
MS, MCH (Neurosurgery) IPGMER, Kolkata
Minimal Invasive Brain And Spine Surgeon
मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी सर्जन विशेषज्ञ
डॉ. गौरी शंकर सिंह
MBBS (AFMC) MD (Psychiatry) BHU
मानसिक रोग विशेषज्ञ
डॉ. रितेश रंजन
MBBS, MS, MCH (Mumbai)
Neonatal & Pediatric Surgeon
नवजात एवं बाल शल्य चिकित्सक
डॉ. हिमांशु कोल्हे
MBBS, MS, DrNB
(सर्जिकल गैस्ट्रोलॉजी & लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन)
BLOOD BANK
की सुविधा उपलब्ध
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र 1.5 Tesla MRI All Diagnostic Facilites
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
दिनांक: 21 जून 2026, दिन: रविवार
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँचकी सुविधा उपलब्ध
8224007799,7000619700